''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 91 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए बुधवार, 02 अप्रैल 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## अग्रवाल महिला कॉलेज में महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महिला कॉलेज में एक महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता, सम्माननीय प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, प्रभारी (विंग 1) डॉ. सचिन गर्ग के मार्गदर्शन में एवं सुश्री अनीता के समन्वय से किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक आत्मरक्षा उपायों से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी सुश्री सुनीता एवं एएसआई सुश्री सुमन मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने छात्राओं को महिला सुरक्षा कानूनों, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही, उन्होंने हेल्पलाइन नंबर साझा किए और छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। सत्र के दौरान छात्राओं ने सवाल पूछे और महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। इस कार्यक्रम की सफलता में डॉ. दीपमाला, सुश्री सोनिया, सुश्री लक्ष्मी, सुश्री ऋतिका, सुश्री निशा, सुश्री पारुल, सुश्री पल्लवी और श्री मोहित का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में लगभग 120 छात्राओं ने भाग लिया और इसे अत्यंत लाभकारी पाया। इस जागरूकता कार्यक्रम ने छात्राओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाया, जिससे वे भविष्य में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रह सकें। छात्राओं ने इस सराहनीय पहल के लिए अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ के प्रबंधन और संकाय सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

www.aajsamaaj.com

खबर एक्सप्रेस

# छात्राओं को महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों के बारे में दी जानकारी



बल्लभगढ़। महिला प्रकोष्ठ, अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ (विंग-1) द्वारा मंगलवार को एक महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता, सम्मानित प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, प्रभारी (विंग 1) डॉ. सचिन गर्ग के मार्गदर्शन में एवं अनीता के समन्वय से किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक आत्मरक्षा उपायों से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी सुनीता एवं एएसआई सुमन मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने छात्राओं को महिला सुरक्षा कानूनों, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही, उन्होंने हेल्पलाइन नंबर साझा किए और छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। सत्र के दौरान छात्राओं ने सवाल पूछे और महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। इस कार्यक्रम की सफलता में डॉ. दीपमाला, सोनिया, लक्ष्मी, ऋतिका, निशा, पारुल, पल्लवी और मोहित का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में लगभग 120 छात्राओं ने भाग लिया और इसे अत्यंत लाभकारी पाया। इस जागरूकता कार्यक्रम ने छात्राओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाया। जिससे वे भविष्य में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रह सकें। छात्राओं ने इस सराहनीय पहल के लिए अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ के प्रबंधन और संकाय सदस्यों का आभार व्यक्त किया।